**आकाशवाणी शिमला**

**28.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का दौर रुक रुक कर जारी है। कुल्लू, मंडी सहित कुछ अन्य भागों में बीती रात से हल्की वर्षा हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के पांच जिलों ऊना, हमीरपुर, मंडी, शिमला और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। उधर चंबा जिला में मणिमहेश यात्रा पर गए हजारों श्रद्धालु जगह–जगह फंसे हुए हैं हालांकि प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है। वहीं कुल्लू जिला के बंजार और मनाली उपमंडल में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए आज भी सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में सड़कें अवरूद्ध होने से लोग परेशान हैं।

**मौसम 2**

बारिश से चंडीगढ–मनाली नेशनल हाइवे पंडोह डैम के साथ लगते कैंची मोड़ के पास धंसने से अवरूद्ध हो गया है जिसे बहाल करने में काफी वक्त लग सकता है। इस बीच कांगड़ा जिला में पौंग बांध से आज दोपहर 2 बजे एक लाख 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। प्रशासन ने इसके साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से सतर्क रहने और दोपहर 12 बजे तक सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

**विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र का आज नौंवां दिन है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अगस्त को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**अधिसूचना**

प्रदेश में अब शैक्षणिक सत्र के अंत में ही शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे। वित्त विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और मेडिकल शिक्षा विभाग के लिए ये प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षण संस्थानों में साल भर पढ़ाई का माहौल बनाए रखने के लिए 15 अगस्त को ये घोषणा की थी।

**स्कूल बायोमेट्रिक**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यू आई डी ए आई ने देश भर के स्कूलों से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी, भुवनेश कुमार ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इससे संबन्धित शिविर आयोजित करने में सहयोग करने का अनुरोध किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूआईडीएआई और शिक्षा मंत्रालय ने लगभग 17 करोड़ बच्चों के लिए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस प्लेटफॉर्म पर आधार में लंबित अपडेट को सुगम बनाने के लिए भी सहयोग किया है।